**State Council of Educational Research & Training, Chhattisgarh Shankar Nagar, Raipur**

**राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्,छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर**

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: www.scert.cg.gov.in Email:scertcg@gmail.c

**क्रमांक / वि. प्र / प.भा.वि.मेला / वि.से / 2019 /** 2934 **रायपुर, दिनाँक** 31.8.2019

प्रति,

**जिला शिक्षा अधिकारी**
**जिला–सूरजपुर**

**विषयः–** छत्तीसगढ़ 19वीं राज्य स्तरीय विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी–2019 आयोजित करने हेतु दिशा निर्देश।

**संदर्भः–** इस कार्यालय का पत्र क्र. विज्ञान प्रदर्शनी / 37–2:3 / 2019 / 2292 रायपुर दिनांक 11.07.2019 ।

कृपया संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। पत्र में वर्णित समस्त गतिविधियों के संबंध में राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी, पश्चिम भारत विज्ञान मेला–2019, विज्ञान सेमीनार सूरजपुर जिले में **25.09.2019. से 28.09.2019** तक आयोजित किया जाना सुनिश्चित है। उक्त आयोजन आपके द्वारा सम्पादित किया जाना है। इस आयोजन में निम्नानुसार प्रतिभागी उपस्थित होंगे –

| क्र. | गतिविधि | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञान प्रदर्शनी | 216 |
| 2 | प्रोजेक्ट | 81 |
| 3 | विज्ञान नाटिका | 81 |
| 4 | विज्ञान क्लब | 09 |
| 5 | प्रश्न मंच | 18 |
| 6 | डी.एड., बी.एड., एम.एड. की समस्त गतिविधियों के प्रतिभागी लगभग | 100 |
| 7 | विज्ञान सेमीनार | 27 |

इस तरह से कुल लगभग 532 प्रतिभागियों के आवास एवं भोजन तथा प्रदर्शनी की व्यवस्था किया जाना प्रस्तावित है। संपूर्ण सुरक्षा एवं व्यवस्था की जिम्मेदारी आपकी होगी।

**1.** प्रादर्श के राइट अप की भी 2–2 प्रति जमा करेंगे।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में चयनित प्रादर्शों की विडियो सी.डी. एवं राइट अप 2–2 प्रतियों में एस.सी.ई.आर.टी. को परिणाम की प्रति के साथ सौपना होगा।

दो निःशक्त बच्चों द्वारा निर्मित दो प्रादर्शों का चयन कर 5–6 मिनट की विडियो सी.डी. एवं राइट अप की दो–दो प्रति के साथ एस.सी.ई.आर.टी. को सौंपा जाना है।

प्रत्येक प्रादर्श के साथ केवल एक विद्यार्थी और एक शिक्षक को भाग लेने की अनुमति दी जाए तथापि किसी भी विद्यालय के एक से अधिक प्रादर्शों / प्रोजेक्टस के लिये केवल एक ही शिक्षक को भाग लेने की अनुमति प्रदान की जाए।

2. सभी निर्णायकों (विज्ञान प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला के निर्णायकों) की जानकारी संलग्न प्रपत्र IV के अनुसार निर्णायकों से हस्ताक्षर लेते हुए दस्तावेजों का संधारण किया जाये। (संलग्न – निर्णायकों की सूची प्रपत्र– IV)
3. निर्णायकों हेतु – प्राथमिकता वैज्ञानिकों, उच्च शिक्षा अध्यापन में संलग्न प्राध्यापकों, स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत विज्ञान विषय के प्राचार्यों एवं विज्ञान के वरिष्ठ व्याख्याताओं को दी जाए। प्रदर्शनी में निर्णायकों को एक दिन का मानदेय रुपये 1500/– की दर से दिया जा सकता है।
4. निर्णायकगण प्रविष्टियों का मूल्यांकन छात्रों की सहभागिता, प्रादर्श/प्रोजेक्ट को बनाने में कल्पनाशीलता, सृजनात्मकता, मौलिकता, नवाचार, वैज्ञानिक सोच, सिद्धान्त, तकनीक कौशल, कर्म कौशल, शिल्प कौशल, समाज के लिए उपयोगिता, मितव्ययिता (कम लागत), सुबाह्यता/टिकाऊपन (Portability/Durability), प्रस्तुतीकरण के आधार पर करें। बने–बनाये प्रार्दशों/मॉडलों/प्रोजेक्ट को प्राप्त करने की पद्धति को रोकने का हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। (संलग्न–मूल्यांकन प्रपत्र)

पश्चिम भारत विज्ञान मेला 2019 –

1. संपूर्ण कार्यक्रम के परिणाम की दो प्रति एस.सी.ई.आर.टी. को सौंपी जाए।
2. एकल प्रोजेक्ट, समूह प्रोजेक्ट एवं विज्ञान नाटिका में कक्षा 8 से 10 तक के प्रतिभागी होंगे।
3. समूह प्रोजेक्ट में दो से अधिक विद्यार्थी नहीं रहेंगे।
4. एकल प्रोजेक्ट एवं समूह प्रोजेक्ट दोनों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों का राइट अप दो–दो प्रतियों में एस.सी.ई.आर.टी. को जमा किया जाना है।
5. **प्रश्न मंच–** प्रश्न मंच में हर जोन से शालेय स्तर की (कक्षा 12वीं तक) एक टीम आयेगी। इसके अतिरिक्त डी.एड., बी. एड. एवं एम. एड. की टीमें राज्य स्तर पर सीधे प्रवेश करती है। इनकी लिखित परीक्षा आयोजित कर शालेय डी.एड., बी.एड. एवं एम.एड. प्रत्येक स्तर पर प्रथम चार का चयन कर फिर पृथक–पृथक प्रश्नमंच कराया जाये। प्रत्येक स्तर के लिए लिखित प्रश्नपत्र अलग–अलग तैयार करावें।

   प्रश्न मंच के लिए प्रत्येक स्तर हेतु चार–चार टीमों के चयन के बाद स्तरवार 10–10 प्रश्न के 'चार राउण्ड' करायें। फिर प्रत्येक ग्रुप से 5–5 प्रश्न का 'फायर राउण्ड' किया जाना है। 'पास' बोले जाने पर प्रश्न अगले ग्रुप को जायेगा। सही उत्तर दिये जाने पर अंक दिये जायेंगे।

   सभी प्रतियोगिताओं के प्रत्येक राउण्ड का उत्तर देने के लिए निश्चित समय पूर्व से निर्धारित किया जाये। साथ ही ऐसे प्रश्न दिये जायें जिनका उत्तर एक शब्द में हो अथवा वस्तुनिष्ठ प्रश्न हों।

   इस प्रकार दिये गये निर्देशानुसार शालेय स्तर एवं डी.एड. स्तर के लिए कक्षा 12वीं स्तर के प्रश्न हों। बी.एड. एवं एम.एड. के स्तर के लिए क्रमशः स्नातक एवं स्नाकोत्तर स्तर के विज्ञान संबंधी प्रश्न रखे जायें।

   प्रश्नमंच प्रतियोगिता के लिए सभी स्तरों के प्रश्न एवं उनके उत्तर पूर्व से बनाकर रख लिये जायें। प्रश्नमंच शालेय स्तर डी.एड. स्तर, बी.एड. स्तर, एम.एड. स्तर पर आयोजित होगा।

6. विज्ञान नाटिका – विज्ञान नाटिका के लिए निम्न व्यवस्था किया जाना आवश्यक होता है–

1. स्टेज की व्यवस्था
2. स्टेज में प्रकाश एवं माइक की व्यवस्था
3. कार्यक्रम संचालन करने वाले के लिए माइक की व्यवस्था
4. निर्णायकों की बैठक व्यवस्था, माइक सहित।

प्रथम एवं द्वितीय चयनित विज्ञान नाटिका का स्क्रीप्ट (लिखित) दो–दो प्रतियों में एस.सी.ई.आर.टी. को जमा किया जाना है।

**7. विज्ञान सेमीनार**

**प्रतियोगिता के नियम –**

1. अंग्रेजी, हिन्दी अथवा कोई भी मान्यता प्राप्त भारतीय भाषा में प्रस्तुती।
2. प्रस्तुती की अवधि –

- प्रतिभागी दिये गये विषय पर अधिकतम 6 मिनट के लिए बोल सकता है।
- विषय पर निर्णायकों द्वारा 3 प्रश्न पूछे जायेंगे।
- प्रतिभागियों को उनमें से किन्हीं 2 प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 2 मिनट के अंदर देना होगा।
- सहायक चित्र आदि – पोस्टर, चार्ट, स्लाइड (25m.m.) प्रक्षेपित चित्र अथवा कम्प्यूटर पर बनें स्थिर स्लाइड की कुल संख्या अधिकतम 5 हो सकती है।
- **थ्री डी मॉडल, चलचित्रों, पॉप–अप्स, रोल ओवर, विडियो तथा फिल्मों की किसी भी रूप में अनुमति नहीं है।**

- अंक निर्धारण –
  1. प्रस्तुती में वैज्ञानिक तथ्य – 40 अंक
  2. वाक् भाषा प्रवाह में – 25 अंक

3. प्रश्नों के उत्तर देने में क्षमता
   (क) लिखित परीक्षा – 10 अंक
   (ख) मौखिक परीक्षा – 10 अंक
4. दृश्यों की प्रस्तुती में नवीनता – 15 अंक

**योग्यता – कक्षा 8 वीं से 10 वीं तक के छात्र–छात्राएँ।**

**सेमीनार का विषय** – Periodic Table of Chemical Elements; Impact on Human Welfare

**रासायनिक तत्वों की आवर्त सारणी मानव कल्याण पर प्रभाव**

8. सहायक शिक्षण सामग्री प्रतियोगिता में शालेय स्तर के शिक्षक तथा डी.एड. स्तर एवं बी. एड. स्तर के छात्राध्यापक भाग लेंगे। शालेय शिक्षकों की सहायक शिक्षण सामग्री प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों का राइट अप दो–दो प्रतियों में एस.सी.ई.आर.टी. में जमा किया जाना है।

**9.** सर्वश्रेष्ठ जोन – 9 जोनों में से प्रत्येक जोन के प्रतिभागियों को प्राप्त प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान को क्रमशः 3, 2 एवं 1 अंक प्रदान कर अंकों का योग कर सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले जोन को सर्वश्रेष्ठ जोन घोषित किया जाना है।

**10.** तात्कालिक भाषण में डी.एड./बी.एड./एम.एड. स्तर के छात्राध्यापक भाग लेंगे।

**11.** विज्ञान क्लब – विगत दो वर्ष की गतिविधियों का ही आंकलन किया जायेगा तथा यह शालेय स्तर के विद्यार्थी डी.एड. तथा बी.एड. स्तर के छात्राध्यापक भाग लेंगे। अधिकतम तीन प्रतिभागी ही एक विज्ञान क्लब में भाग ले सकता है। सर्वश्रेष्ठ विज्ञान क्लब को 500/– नगद देकर पावती प्राप्त करना हैं।

**12.** भोजन व्यवस्था – व्यय अधिकतम चार दिनों के लिए रु. 120/– प्रतिदिन प्रति प्रतिभागी की दर से व्यय किया जा सकता है।

**13.** सर्वश्रेष्ठ विज्ञान क्लब और सर्वश्रेष्ठ जोन के लिये रनिंग शील्ड है। उसे पूर्व विजेता से वापस मंगवाकर साफ करवाकर पेन्ट से नया वर्ष एवं विजेता का नाम लिखवाकर दिया जाना है।

आयोजन हेतु शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किया जावे –

1. टेण्डर आमंत्रण – भोजन, टेन्ट, प्रिन्टिग, बिजली, माईक, फोटोग्राफी, परिचय पत्र कार्ड 3″x 2″, प्लास्टिक कव्हर, लटकाने हेतु डोरी, निमंत्रण कार्ड, कूपन (नाश्ता, भोजन, चाय), बैनर बनाना, प्रमाण–पत्र (सहभागिता/स्थान प्राप्त हेतु)
2. सफलतापूर्वक आयोजन हेतु समितियों का निर्माण करना –

आयोजन समितियों का गठन –

1. प्रतिभागियों का स्वागत एवं स्वसहायता समिति – प्रभारी एवं सदस्य
2. आवास व्यवस्था समिति – प्रभारी एवं सदस्य
3. आवास में विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था – प्रभारी एवं सदस्य
4. भोजन व्यवस्था – प्रभारी एवं सदस्य
5. वाहन व्यवस्था – प्रभारी एवं सदस्य
6. आयोजन स्थल की साफ–सफाई तथा पेयजल व्यवस्था – प्रभारी एवं सदस्य
7. मंच सजावट, शामियाना, बैठक व्यवस्था तथा माईक व्यवस्था – प्रभारी एवं सदस्य
8. पंजीयन एवं प्रमाणपत्र समिति – प्रभारी एवं सदस्य
9. पुरस्कार समिति (प्रथम 1000/–, द्वितीय 700/–, तृतीय 500/– तक की सीमा की सामग्री पुरस्कार में दिये जाये) – प्रभारी एवं सदस्य
10. निर्णायकों की व्यवस्था समिति – प्रभारी एवं सदस्य

11. आमंत्रण समिति – प्रभारी एवं सदस्य

12. स्वागत समिति – प्रभारी एवं सदस्य

13. प्रादर्श/प्रोजेक्ट प्रतियोगिता – प्रभारी एवं सदस्य

14. विज्ञान नाटिका प्रभारी समिति – प्रभारी एवं सदस्य

15. अनुशासन समिति – प्रभारी एवं सदस्य

16. तात्कालिक भाषण समिति – प्रभारी एवं सदस्य

17. सांस्कृतिक समिति – स्वागत गीत/सरस्वती वंदना/उद्घाटन, समापन

18. स्वल्पाहार समिति – प्रभारी एवं सदस्य

19. कम्प्यूटर – प्रभारी एवं सदस्य

20. यात्रा देयक – प्रभारी एवं सदस्य

21. प्रचार प्रसार – प्रभारी एवं सदस्य

प्रदर्शनी का आयोजन –

1. मंच व्यवस्था, मंच संचालन
2. मॉडल को प्रदर्शनी हेतु उपकथानक के आधार पर व्यवस्थित करना।
3. रजिस्ट्रेशन हेतु समिति का निर्माण
4. मूल्यांकन समिति –

    (i) निर्धारित प्रपत्र में ही मूल्यांकन करना होगा।

    (ii) प्रपत्र में ओव्हर राइटिंग न हो। ध्यान रहे जानकारी RTI के अंतर्गत आती है।

    (iii) मूल्यांकन प्रपत्र में तीनों निर्णायकों से हस्ताक्षर करवायें।

    (iv) सम्पूर्ण परिणाम गोपनीय रखा जाय गोपनीयता की जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर की होगी।

    उपरोक्त सभी परिणाम एवं राइट अप एस.सी.ई.आर.टी. में जमा करें।

एस.सी.ई.आर.टी. को कार्यक्रम समापन उपरान्त सौपे जाने वाले सामग्री/अभिलेखों की चेक लिस्ट–

- राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में विज्ञान प्रदर्शनी के परिणाम एवं चयनित 18 प्रादर्शों की विडियो सी.डी. एवं राइट अप 2–2 प्रतियों में एस.सी.ई.आर.टी. को परिणाम की प्रति के साथ सौंपा जाना है।

- दो निःशक्त बच्चों द्वारा निर्मित दो प्रादर्शों का चयन कर 5–6 मिनट का विडियो सी.डी. एवं राइट अप की दो–दो प्रति के साथ एस.सी.ई.आर.टी. को सौंपा जाना है।

पश्चिम भारत विज्ञान मेला 2019 –

- संपूर्ण कार्यक्रम के परिणाम की दो प्रति एस.सी.ई.आर.टी. को सौपी जाए।

- एकल प्रोजेक्ट – प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी का राइट अप दो–दो प्रतियों में एस.सी.ई.आर.टी. को जमा किया जाना है।
- समूह प्रोजेक्ट – प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी का राइट अप दो–दो प्रतियों में एस.सी.ई.आर.टी. को जमा किया जाना है।
- विज्ञान नाटिका – प्रथम एवं द्वितीय चयनित विज्ञान नाटिका का स्क्रीप्ट (लिखित) दो–दो प्रतियों में एस.सी.ई.आर.टी. को जमा किया जाना है।
- शालेय शिक्षकों की सहायक शिक्षण सामग्री का प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी का राइट अप दो–दो प्रतियों में एस.सी.ई.आर.टी. को जमा किया जाना है।
- ''छत्तीसगढ़ 19वीं राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला के आयोजन की प्रारंभ से अंत तक एवं वित्तीय संसाधन का 30 मिनट का पावर पांइट प्रेजेन्टेशन बनाकर एस.सी.ई.आर.टी.को सौंपना होगा।'' (हार्डकॉपी एवं सॉफ्टकापी दोनों जमा किया जाना है)।
- सभी प्रतियोगिताओं के मूल्यांकन प्रपत्र (सीलबंद) एस.सी.ई.आर.टी. को जमा किया जाना है।
- प्रपत्र क्रमांक I से प्रपत्र क्रमांक V तक प्रविष्टि कर एस.सी.ई.आर.टी. को जमा किया जाना है।
- संपूर्ण कार्यक्रम का प्रतिवेदन फोटोग्राफ एवं एलबम सहित एस.सी.ई.आर.टी. को जमा किया जाना है।

कृपया उपरोक्त सामग्री/अभिलेखों का संधारण कार्यक्रम के समय किया जाना सुनिश्चित करें।

नोट – छत्तीसगढ़ 19वीं राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला के आयोजन से संबंधित संपूर्ण जानकारी के लिए RTI आवेदन प्राप्त होने पर उत्तर दिये जाने की जवाबदारी जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर की होगी।

राज्यस्तरीय प्रदर्शनी/पश्चिम भारत विज्ञान मेला/विज्ञान सेमीनार 2019 में आयोजन का प्रतिवेदन बनाकर एवं फोटोग्राफ सहित एस.सी.ई.आर.टी. को प्रस्तुत किया जाना है।

**(पी.दयानंद)**
**संचालक**
**एस.सी.ई.आर.टी.रायपुर.छ.ग.**

**पृ.क्र./विज्ञान प्रदशर्नी/प.भा.वि.मेला/2019/**2935 **रायपुर, दिनाँक** 31.8.2019
**प्रतिलिपि –**

1. प्रमुख सचिव, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, अटल नगर, नवा रायपुर को सूचनार्थ।
2. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर को सूचनार्थ।
3. कलेक्टर जिला–सूरजपुर को सूचनार्थ।
4. कार्यकारी निदेशक, छत्तीसगढ़ विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद् (C-COST), विज्ञान भवन, विधान सभा रोड, दलदल सिवनी रायपुर (छ.ग.), ईमेल– dgccost@gmail.com को सूचनार्थ।
5. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी एवं जोन अधिकारी को सूचनार्थ एवं कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संचालक**
**एस.सी.ई.आर.टी.रायपुर.छ.ग.**